राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015

राजस्व लोक अदालत "न्याय आपके द्वार" कैम्प 2015 ग्राम पंचायत अजीतगढ

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम

(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)

कैम्प कोर्ट का स्थान :– ग्राम पंचायत अजीतगढ

निर्णय दिनांकः– 26.05.2015

1. श्री हीरासिंह पिता भैरूसिंह जाति रावत निवासी बिगडातों का बाडिया लालपुरा तहसील भीम
2. गोपालसिंह पिता तिलोकसिंह जाति रावत निवासी बिगडतों का बाडिया लालपुरा तहसील भीम
3. लालसिंह पिता श्री तिलोकसिंह जाति रावत निवासी बिगडातों का बाडिया लालपुरा तहसील भीम
4. इन्द्रकुदेवी पत्नि श्री तिलोकसिंह जाति रावत निवासी बिगडातों का बाडिया लालपुरा तहसील भीम

वादी

बनाम

1. सैसूसिंह पिता लुम्बासिंह जाति रावत निवासी बिगडातों का बाडिया लालपुरा तहसील भीम

प्रतिवादी

<u>वाद–पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.ए.</u>

बादी संख्या 1 के पिता भैरूसिंह एवं लूम्बसिंह दोनो सगे भाई थे जिनमें भैरूसिंह के तीन पुत्र हुए जो कमशः सैसूसिंह तिलोकसिंह एवं हीरासिंह हुये तथा लूम्बसिंह के कोई औलाद नहीं हूई। लुम्बसिंह के सन्तान नही होने से लूम्बसिंह ने प्रचलित रीति रिवाज के अनुसार एवं विधिक के अनुसार लूम्बसिंह ने अपने जीवनकाल में ही सैसूसिंह को गोद ले लिया था लूम्बसिंह एवं उसकी पत्नि के समस्त सामाजिक एवं धार्मिक किया कर्म सैसूसिंह ने ही जाइन्दा पुत्र की तरह करवाये थे। उसके बाद लूम्बसिंह की समस्त चल व अचल सम्पत्ति के वारिसान के रूप में सैसूसिंह ही काबिज काश्त होकर उपयोग करते आ रहे हैं। सैसूसिंह को जाइन्दा पुत्र भैरूसिंह का होकर दत्तक पुत्र लूम्बसिंह का जाना जाता हैं। तथा सैसू सिंह को भैरूसिंह का पुत्र नही मानकर सभी लुम्बसिंह का पुत्र ही मानते चले आ रहें हैं। भैरूसिंह की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रो के नाम से नामान्तकरण खेलते बक्त सहवन से सैसूसिंह का भी नाम दर्ज हो गया जबकि सैसूसिंह का नाम लुम्बसिंह की मृत्यु के बाद इत्तकाल सैसूसिंह के नाम स्वतः ही खुल गये थें। इस प्रकार से सैसूसिंह के नाम भैरूसिंह हके वारिसान के साथ भी इन्तकाल खुल गया तथा लुम्बसिंह के नाम से भी इन्तकाल खुल गया था जो कि दो बार दर्ज हो गया हैं। उक्त इन्तकाल ग्राम नालोई लालपुरा के खसरा संख्या 519, 613, 580, 608, 709, 813, 1142, 1143, 556, 557, 559, 854, 868, 869, 870, 609, 638, 707, 710 मे गलत अंकन हो गया हैं जिसमें से सैसूसिंह के नाम के आगे भैरूसिंह हटाकर मात्र लुम्बसिंह ही रखा जाना न्यायोचित हैं। मौके पर भाई बंटवारा भीम वार्षो पुराना हो रखा हैं जिसमें भैरूसिंह के मात्र दो सन्तानों तिलोकसिंह व हीरासिंह के मध्य में ही रख हैं तथा लुम्बसिंह की सन्तान के रूप में सैसूसिंह के पास ही जमीन व घर गवाडी हो रखे हैं। पत्रावली में उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया गया अतः राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार कैम्प 2015 ग्राम पंचायत अजीतगढ में आपसी राजेनामे से ग्राम नालोई पटवार मंडल अजीतगढ के राजस्व रिकॉर्ड में सैसूसिंह पुत्र भैरू सिंह का नाम हटाया जाकर भैरू सिंह पुत्र लुम्ब सिंह निवासी बिगडातों का बाडिया का नाम शुद्धिकरण करने के आदेश दिये जाते है।

पीठासीन अधिकारी

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द